**प्रेस नोट,जनपद जालौन**
**दिनांक 06.07.2025**

**पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा सत्यनिष्ठा व ईमानदारी का परिचय देते हुये उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को नगद पुरूस्कार/प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।**

दिनांक 04.07.2025 को डॉयल-112 पर सूचना प्राप्त हुयी कि तुलसी धाम गेस्ट हाउस के पास एक लावारिस बैग पड़ा हुआ है। उक्त सूचना पर चौकी प्रभारी मेडिकल कॉलेज उ0नि0 ब्रजेश कुमार, आरक्षी ब्रजभान व डॉयल-112 आरक्षी नितिन पाण्डेय के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति को भांपते हुये उक्त बैग को कब्जे में लेकर खोलने पर उसमें 4180/- रूपये व करीब 200 ग्राम सोने व करीब 500 ग्राम चांदी के जेवरात (कीमत करीब 20,00,000/- रूपये) बरामद हुये। उपरोक्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा सत्यनिष्ठा व ईमानदारी का परिचय देते हुये बरामदशुदा माल की जानकारी करने पर ज्ञात हुआ कि उपरोक्त बरामद माल श्री मिथलेश प्रताप नि0 तुलसीधाम कॉलोनी उरई जनपद जालौन का है जो वर्तमान में नोएडा में रहते हैं। उनके बच्चे की मानसिक स्थिति ठीक नही है उस बच्चे ने ये सारा सामान बैग में भरकर सड़क पर फेक दिया था। उपरोक्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा बरामद माल मिथलेश प्रताप के कहने पर उनके परिवारीजन को जेवरात व रुपये सुपुर्द किए गए। जेवरात व रुपयों को पाकर मिथिलेश प्रताप द्वारा जालौन पुलिस की भूरि-भूरि प्रसंशा की गयी।

उपरोक्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा उत्कृष्ट स्तर का कार्य करने के फलस्वरूप श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जालौन महोदय द्वारा उपरोक्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण को नगद पुरूस्कार/प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।